Synergy

BSES
BSES Yamuna Power Limited

...a joint venture with GONCTD

जनवरी – फरवरी 2010

सीईओ की कलम से

प्रिय उपभोक्ता,

नए दशक की शुरूआत पर आपका हार्दिक अभिवादन

कॉमनवेल्थ गेम्स के ज्यादातर आयोजन बीवाईपीएल इलाकों – पूर्वी व मध्य दिल्ली– में ही होने हैं। और इस वजह से, कॉमनवेल्थ गेम्स के इस साल में पूर्वी और मध्य दिल्ली के नागरिक होने के नाते हम पर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। इन गेम्स के मेजबान के तौर पर हमें अपने शहर को बेहतरीन, सुव्यवस्थित, और खूबसूरत तरीके से पेश करना है, ताकि आगंतुकों के दिलों पर हमारा यह ऐतिहासिक शहर अमिट छाप छोड़ जाए।

पिछली बार, 1982 में दिल्ली ने एशियन गेम्स की मेजबानी की थी। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि उस वक्त दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड सिर्फ 600 मेगावॉट थी, लेकिन 2009 की गर्मियों में यहां बिजली की पीक डिमांड बढ़कर 4404 मेगावॉट हो गई। सिर्फ बीवाईपीएल इलाके में ही, मांग बढ़कर 1057 मेगावॉट तक पहुंच गई। ऐसे में यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति बिजली की औसत खपत, देश में प्रति व्यक्ति औसत खपत के मुकाबले दुगुनी है। हमारे देश में प्रति व्यक्ति बिजली की सालाना औसत खपत 606 यूनिट है, जबकि दिल्ली में यह प्रति व्यक्ति 1265 यूनिट है। जाहिर है, दूसरे राज्य भी दिल्ली के सफल बिजली निजीकरण मॉडल को अपनाना चाहते हैं।

आने वाले महीनों के लिए, आपकी बिजली कंपनी बीवाईपीएल ने बिजली की पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। दादरी, बवाना, झज्जर और दामोदर वैली कॉरपोरशन की नई परियोजनाएं शुरू होने जा रही हैं, जिनसे हमें अतिरिक्त बिजली मिलेगी। हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पावर बैंकिंग के तहत, दूसरे राज्यों से 100–150 मेगावॉट अतिक्त बिजली की व्यवस्था भी पहले ही की जा चुकी है। हमें विश्वास है कि आपके सहयोग और बुद्धिमानीपूर्वक बिजली के इस्मेताल से, हम पूर्वी और मध्य दिल्ली में बिजली की मांग को सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम होंगे।

ताकि गेम्स का संचालन सही तरीके से हो, इसलिए हमने बीवाईपीएल के सभी 2235 सब स्टेशनों व 48 ग्रिड स्टेशनों, समेत तमाम उपकरणों के रखरखाव व मरम्मत का काम पहले ही शुरू कर दिया है। 2010 की गर्मियों तक यह काम पूरा हो जाएगा।

इसके अलावा, दो नए ग्रिड काम करना शुरू कर देंगे – कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज ग्रिड और सोनिया विहार ग्रिड। गेम्स विलेज के ग्रिड से आसपास के इलाके मयूर विहार और लक्ष्मी नगर के लोगों को भी राहत मिलेगी।

हम अपने नेटवर्क को अपग्रेड और रीवैंप कर रहे हैं, लेकिन यहां क्या मैं आप से एक व्यक्तिगत अनुरोध कर सकता हूं? वह यह कि आप अपने घर, दफ्तर आदि में बिजली के लोड को चेक कराएं और देखें कि क्या आपको लोड बढ़वाने की जरूरत है। बीवाईपीएल की सेवाओं की कभी कोई जरूरत हो, तो 39999 808 पर फोन करें, हम आपको डोर स्टेप सर्विस उपलब्ध करवाएंगे।

आपको और आपके परिवार को एक सफल 2010 की शुभकामनाएं।

रमेश नारायणन
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

बीवाईपीएल ने जीता इंडिया पावर अवॉर्ड

अपने इलाके में एटीएंडसी घाटे को अभूतपूर्व तरीके से कम कर, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड ने प्रतिष्ठित इंडिया पावर अवॉर्ड 2009 जीत लिया है। *ओवरऑल लॉस रिडक्शन इन अरबन सेग्मेंट* में कंपनी को यह पुरस्कार मिला है। गौरतलब है कि जुलाई 2002–03 में बीवाईपीएल में एटीएंडसी घाटा 63.16 प्रतिशत था, जबकि मार्च 2008–09 में यह घटकर सिर्फ 24.4 प्रतिशत रह गया।

केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री भरत सिंह सोलंकी ने बीवाईपीएल सीईओ श्री रमेश नारायणन और बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना को यह पुरस्कार प्रदान किया।

बिजली उद्योग के नामचीन व्यक्तियों की जूरी ने अवॉड्र्स के लिए कंपनियों का चयन किया था।

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बीवाईपीएल ने दी मुफ्त चार्जिंग सुविधा

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर 14 दिसंबर को, बीवाईपीएल ने इलेक्ट्रिक व बैटरी चालित वाहनों के लिए मुफ्त चार्जिंग सुविधा की शुरूआत की। आईपी एक्सटेंशन में कंपनी के 66 केवी ग्रिड स्टोर में, इस पहले मुफ्त चार्जिंग पोर्ट का उद्घाटन, बीवाईपीएल के सीईओ श्री रमेश नारायणन ने किया।

इस कार्यक्रम में रेवा के मार्केटिंग प्रमुख श्री पवन सचदेवा, बीवाईपीएल के अधिकारीगण, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व विशिष्ट सहयोगी और अखबारों व टीवी चैनलों के संवाददाता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

बीवाईपीएल लोकेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मुफ्त चार्जिंग सुविधा 2010 में होने जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स तक जारी रहेगी। आने वाले दिनों में, मुख्य सड़कों के निकट स्थित बीवाईपीएल परिसरों में और भी चार्जिंग पोर्ट लगाए जाएंगे।

सुरक्षा अलर्ट : 5 किलोवॉट और अधिक के उपभोक्ता ईएलसीबी जरूर लगवाएं

सुरक्षा और डीईआरसी के निर्देशों के मद्देनजर, हम 5 किलोवॉट और उससे ऊपर के कनेक्टेड लोड वाले अपने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हैं कि वे अपने यहां जल्द से जल्द ईएलसीबी – अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर – लगवा लें। कृपया गौर करें कि पांच किलोवॉट और ऊपर के लोड वाले नये कनेक्शन तभी दिए जा सकेंगे, जब उपभोक्ता अपने यहां ईएलसीबी लगवा लेंगे।

हम सुन रहे हैं ..... डायल करें
बीवाईपीएल– 39999808